राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 21 फरवरी। कांग्रेस का दो दिवसीय जिला स्तरीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर आज बीकानेर में सम्पन्न हुआ। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने शिविर में भाग ले रहे प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित किया।

प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षणार्थियों को भारत की आजादी में कांग्रेस का संघर्ष, कांग्रेस की विचारधारा एवं देश में कांग्रेस सरकारों की उपलब्धियों के साथ ही केन्द्र की भाजपा सरकार की विफलताओं पर मंथन किया गया। शिविर में स्थानीय एवं प्रदेश स्तरीय मुद्दों पर चर्चा की गई तथा कांग्रेस के आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों पर संवाद किया जाकर ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने हेतु रूपरेखा तैयार की गई।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जिले में निवासरत सदस्यगण, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी/निवर्तमान पदाधिकारीगण, जिले के समस्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के निवर्तमान अध्यक्षगण, जिला कांग्रेस कमेटी के निर्वाचित व सहवृत सदस्यगण, जिले के समस्त अग्रिम संगठनों, विभागों व प्रकोष्ठों के निवर्तमान अध्यक्षगण, निकायों के जनप्रतिनिधिगण, पंचायत राज के जनप्रतिनिधिगण सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने भाग लिया।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 21 फरवरी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष स्व. श्री रामनारायण चौधरी की जयंती के अवसर पर मंगलवार, 22 फरवरी, 2022 को प्रातः 11 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गाँधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा, प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारीगण, वरिष्ठ कांग्रेसजन, जयपुर शहर एवं जयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटियों के निवर्तमान पदाधिकारीगण, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागों व प्रकोष्ठों के निवर्तमान पदाधिकारीगण सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter